

# हमारा दून



*वर्ष 2017 से जितनी भी घोषणाएं की गई है, वे सभी पूर्ण होने की ओर अग्रसर हैं।*

—पुष्कर सिंह धामी, सीएम।

# सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास सरकार का ध्येय

## वात्सल्य योजना

■ योजना में आच्छादित बच्चों को 3 हजार रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता

■ पहले चरण में 1062 बच्चे हुए लाभान्वित

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार का भाव अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को आगे बढ़ाना है। सरकार एक सहयोगी के रूप में काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ध्येय वाक्य सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर राज्य सरकार चल रही है। वर्ष 2017 से जितनी भी घोषणाएं की गई है, वे सभी पूर्ण होने की ओर अग्रसर हैं। हाल ही में कोरोना से प्रभावित चार धाम यात्रा व पर्यटन से जुड़े लोगों के लिए 200 करोड़ जबकि हेल्थ सेक्टर और हेल्थ सेक्टर में काम कर कोरोना योद्धाओं के लिए 205 करोड़ रूपए का पैकेज लाए हैं। युवाओं के लिए रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया तेजी से शुरू करने जा रहे हैं। स्वरोजगार के लाखों अवसर उत्पन्न करने पर काम कर रहे हैं।



**21 वर्ष की आयु तक 3 हजार रूपए प्रतिमाह की सहायताः** कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने बताया कि दिनांक 01 मार्च, 2020 से 31 मार्च, 2022 तक कोविड–19 महामारी एवं अन्य बीमारियों से पिता–माता/संरक्षक की मृत्यु अथवा माता–पिता में से कमाऊ सदस्य की मृत्यु के कारण जन्म से 21 वर्ष तक के प्रभावित बच्चों की देखभाल, पुनर्वास, चल अचल सम्पत्ति, उत्तराधिकारों एवं विधिक अधिकारों के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना लागू की गयी है। इस योजना में आच्छादित बच्चों को 3 हजार रूपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता 01 जुलाई, 2021 से 21 वर्ष की आयु तक अनुमन्य की गयी है। दिनांक 01 अगस्त, 2021 तक जन्म से 21 वर्ष तक की आयु के कुल 2347 बालकः बालिका चिन्हित किये गये है। मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के शुभारम्भ के अवसर पर प्रथम चरण में कुल 1062 बच्चों को लाभान्वित किया जा गया है। मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के संचालन हेतु एमआईएस पोर्टल बनाया जा रहा है, जिसमें समस्त बच्चों का विवरण जनपदों द्वारा ऑनलाइन भरा जायेगा। मुख्यमंत्री वात्सल्य योजनान्तर्गत प्रतिमाह 3 हजार रूपए के मानकानुसार जुलाई, 2021 से प्रारम्भ करते हुए निदेशालय द्वारा पीएफएमएस के माध्यम से डीबीटी सीधे चिन्हित बच्चों के बैंक खातों में धनराशि भेजी जायेगी।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य सरकार कोरोना महामारी से अनाथ हुए बच्चों की हर सम्भव मदद कर रही है। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनहित में बहुत सी योजनाएं शुरू की गई हैं।

इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चन्द अग्रवाल, पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, सहदेव पुण्डीर, रामसिंह कैड़ा, दीवान सिंह बिष्ट सहित विशिष्टजन और अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना सरकार के मानवीय पक्ष का प्रतीक

कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना सरकार के मानवीय चेहरे को बताता है। कोरोना ने हमसे बहुत कुछ छीना है। हर किसी ने अपने किसी को खोया है। हमें इस दर्द से संघर्ष करके आगे बढ़ना है। कोरोना काल में अपने माता–पिता को खोने वाले बच्चों की पीड़ा को मुख्यमंत्री और राज्य सरकार ने समझा है। मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना अन्त्योदय की परिकल्पना को साकार करती है। यह योजना बच्चों को सामाजिक, आर्थिक और मानसिक तौर पर सशक्त करेगी। सरकार इनके अभिभावक की भूमिका का निर्वाह कर रही है।

### आर्थिक सहायता के साथ शिक्षा, पोषण व संरक्षण

सरकार द्वारा प्रभावित बच्चों के भरण–पोषण, सुरक्षा एवं सर्वांगीण विकास का दायित्व स्वयं लेते हुये ऐसे बच्चों का निरन्तर अनुश्रवण किया जा रहा है। उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक संरक्षण प्रदान करने हेतु प्रतिमाह रू0 3000.00 की आर्थिक सहायता के साथ–साथ उन्हें शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधाएं प्रदान करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु समस्त जिलाधिकारियों को प्रभावित बच्चों की देखभाल, पुनर्वास, चल–अचल सम्पत्ति, उत्तराधिकारों एवं विधिक अधिकारों की रक्षा हेतु संरक्षक अधिकारी नामित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दून में डीएम और एसएसपी सड़को पर उतरे, वाहन चालकों में अफरा तफरी

**संवाददाता** देहरादून। जिला अधिकारी डॉ आर राजेश कुमार और एसएसपी डॉक्टर जोगिंदर सिंह रावत सोमवार को आकस्मिक निरीक्षण करने के लिए शहर में निकले। कुछ देर वहां एसएसपी ऑफिस के बाहर ही जाम में फंस गए। इसके बाद दोनों अधिकारी सहस्रधारा क्रॉसिंग पर पहुंचे। यहां एआरटीओ, सीपीयू ने बिना हेलमेट, ट्रिपल राइटिंग और ओवरलोडिंग वाहनों को रोककर उनका चालान किया। इसके बाद अधिकारी घंटाघर पहुंचे जहां उन्होंने स्मार्ट सिटी का जायजा लिया। अधिकारियों के निरीक्षण को लेकर पुलिस विभाग पूरी तरह से अलर्ट हो गया। जहां–जहां डीएम और एसएसपी का काफिला गुजरा वहां वहां रोड को पहले ही खाली करवा दिया।

### गीत ज्वैलरी का नया कलेक्शन सोलमेट हुआ लांच

**संवाददाता** नई दिल्ली। सोने और हीरे के आभूषणों में अग्रणी गीत ज्वैलरी ने अपना नये कलेक्शन सोलमेट को लांच किया जोकि ई कामर्स साइट स्काई ओशियन पर एक्सक्लूसिव उपलब्ध होंगे। इस कलेक्शन में गोल्ड और डायमंड से बनी रिंग की नई श्रृंखला है जो विशेष रूप से युगल जोड़े के लिए बनाई गई है। गीत ज्वैलरी के एमडी राशिद नसीम ने कहा कि रिंग की हमारी ये नई रेंज बेहद खास है। हमारे इस कलेक्शन की कीमत करीब 1 लाख रूपये से शुरू है।

# राशन कार्ड के नए नियमों को जनहित में किया जाए निरस्त

## सम्मान

■ सीएम ने लोकतंत्र के लिये संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों के समर्पण को किया याद

**संवाददाता**

देहरादून। राशन कार्ड के नए नियमों से बढ़ती जन समस्याओं को लेकर सोमवार को कांग्रेस अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक राजकुमार, महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने जिलापूर्ति अधिकारी जसवंत सिंह कंडारी से उनके कार्यालय में मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। कहा कि राशन कार्ड को लेकर आम जनता को हमेशा से परेशानियों का सामना करना पढ़ा है। कभी दुकानों पर राशन पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाता है तो कभी नए आवेदन करने में दिक्कतों का सामना करना पढ़ता है। आनलाइन प्रक्रिया के कारण नए राशन कार्ड बनने में भी बहुत समय लग जाता है।



उन्होंने कहा कि अब सरकार ने राशन कार्ड बनाने व राशन कार्ड में जानकारी बदलने के लिए आय व अन्य नए दस्तावेजों के नियम को जोड़ दिया है जिस वजह से गरीब जनता राशन कार्ड बनाने में असमर्थ है, क्योंकि यह सब दस्तावेज जुटाने में काफी समय निकल जाएगा और कई ऐसे भी लोग है जिनके दस्तावेज नहीं हैं। विभाग पुराने रुके हुए राशन कार्डों को जल्द जारी करे।

पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा कि बायोमेट्रिक से राशन वितरण बंदकर दिया जाए व पूर्व की भांति उपभोक्ताओं को राशन वितरण किया जाए, क्योंकि कोविड महामारी के चलते कार्ड–धारक बायोमेट्रिक में अंगूठा लगाने को तैयार नहीं हैं। इस अवसर पर सोमप्रकाश वाल्मीकि, राहुल पंवर राबिन, निखिल कुमार, विपुल नौटियाल, प्रियांश छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

### आंदोलनकारियों से आठ अगस्त को देहरादून चलो का आह्वान

**संवाददाता** देहरादून। लंबित मांग पर कार्रवाई न होने से नाराज राज्य आंदोलनकारी आठ अगस्त को मुख्यमंत्री आवास कूच करेंगे। इसके लिए चिह्नित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति ने संयुक्त संगठन से जुड़े विभिन्न जिलों के आंदोलनकारियों से देहरादून चलो का आह्वान किया है। संमिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि लंबे समय से राज्य आंदोलनकारी प्रशासन व शासन को पत्र भेजकर मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांग को अनदेखा किया जा रहा है। बीते 18 जुलाई को राजभवन घेराव किया गया, लेकिन सरकार की वार्ता के लिए कोई बुलावा न आने व आश्वासन न मिलने के कारण अब आठ अगस्त को मुख्यमंत्री आवास कूच करने का निर्णय लिया गया है।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।